प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने कहा–जीएसटी में बड़े स्तर पर सुधारों से सहकारी क्षेत्र को मज़बूती मिलेगी, सहकारी उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगे और माँग बढ़ेगी।
2. कोल्हान जंगल में आज पुलिस और भाकपा माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन मारा गया।
3. आज रात लगेगा साल का अंतिम चंद्र ग्रहण, पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगा।
4. मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के कुछ हिस्से में हल्की बारिश की संभावना, कई जिलों में बारिश नहीं होने से तापमान में हो रही है बढोत्तरी।
5. एशिया कप हॉकी फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से।

****************

केंद्र सरकार ने कहा है कि वस्तु और सेवाकर– जीएसटी में व्यापक सुधार से सहकारी क्षेत्र मज़बूत होंगे, उत्पाद प्रतिस्पर्धी बनेंगे, उत्पादों की माँग बढ़ेगी और सहकारी समितियों की आय में वृद्धि होगी। सहकारिता मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी सुधार से ग्रामीण उद्यमिता और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सहकारी समितियों को प्रोत्साहन मिलेगा और लाखों परिवारों के लिए आवश्यक वस्तुओं तक किफ़ायती पहुंच सुनिश्चित होगी।

****************

पूर्व मंत्री सह एचपीसीएल की स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने जीएसटी काउंसिल द्वारा हाल में लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। उन्होने कहा है कि सरकार द्वारा जनहित में लिया गया प्रभावी फैसला है।

****************

केंद्र ने इनकम टैक्स के बाद अब जीएसटी में कमी लाकर मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत दी है।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के कोल्हान जंगल में पुलिस और भाकपा माओवादियों के बीच आज सुबह हुए मुठभेड़ में एक नक्सली कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन मारा गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारा गया नक्सली कमांडर 10 लाख का इनामी था। उन्होंने बताया कि यह मुठभेड़ गोईलकेरा थाना क्षेत्र के रेला के पास जंगल में हुई। मुठभेड़ के बाद चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सली कमांडर का शव बरामद किया गया है। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल गुवा पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। वहाँ मुख्यमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वे शहीदों के परिवार से भी मुलाकात करेंगे। उनके साथ मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी, विधायकों में जगन्नाथपुर के सोनाराम सिंकु, मझगांव के निरल पूर्ति, खरसावां के दशरथ गागराई, ईचागढ़ की सविता महतो, पोटका के संजीव सरदार, बहरागोड़ा के समीर मोहंती, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन शामिल होंगे। चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने बताया है कि आज मुख्यमंत्री के आने का शिड्यूल जारी हो जायेगा।

****************

चालीसवां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब और कश्यप मेमोरियल आई बैंक के संयुक्त प्रयास से रांची मे आज रन फॉर विज़न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया। समारोह के बीच वित्त मंत्री ने अपने नेत्रदान का संकल्प पत्र भी भरा। उन्होंने कहा कि नेत्रदान एक पुनीत कार्य है।

****************

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। यह ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगा। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के साथ ही एशिया, ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और यूरोप के कुछ हिस्सों में भी यह नजर आयेगा। चंद्रग्रहण रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। यह दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगी। इसकी अवधि 82 मिनट की होगी और चंद्र ग्रहण पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगा।

****************

रांची पुलिस ने मादक पदार्थ अफीम के साथ तुपुदाना ओपी के डुडीगढ़आ से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त सूरज केरकेटा खूंटी का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक नगर रांची ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके पास से पुलिस ने एक किलो 700 ग्राम अफीम जब्त किया।

****************

कोडरमा जिले तिलैया थाना क्षेत्र के झलपो में बीती रात चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाया। इन घरों से सोने–चांदी के जेवरात सहित नगद की चोरी हुई है। घटना को लेकर पीड़ितों ने बताया कि वे लोग घर में सोए हुए थे और सुबह उठ कर देखा तो उनके घर के कमरे में बक्सा टूटा पड़ा था और सारा सामान जमीन पर बिखरा पड़ा था। पुलिस आस–पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हैं ताकि चोरी का उद्‌भेदन किया जा सके।

****************

मौसम विभाग के अनुसार, आज देर शाम राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। दिन में बादल छाये रहेंगे। इधर, कई इलाकों में पिछले दो दिनों से बारिश नहीं होने से अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले 24 घंटो के दौरान रांची का अधिकतम तापमान 32 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रहा। बोकारो में अधिकतम तापमान 35 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

****************

भारत एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गया है। बिहार के राजगीर में कल अंतिम सुपर–फोर मैच में भारत ने चीन को 7–0 से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत से भारत सुपर–फोर में शीर्ष स्थान पर रहा। दक्षिण कोरिया भी मलेशिया को हराकर फाइनल में पहुँचा है। फाइनल में आज शाम साढ़े सात बजे भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा।

****************